संख्या-17 /2024/280/30-3-2024

प्रेषक,

के0पी0 सिंह,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उ0प्र0, लखनऊ।

परिवहन अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक 21 फरवरी, 2024

विषय : जनपद बुलन्दशहर, शामली, शाहजहांपुर, बस्ती, पीलीभीत एवं बाराबंकी में डिटेंशन यार्ड/डम्पिंग यार्ड (यान निरूद्ध स्थल) के निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था के नामांकन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया अपने पत्र संख्या-53(जी)इन्फ/2024-10इन्फ/2023, दिनांक 23 जनवरी, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा शासन के पत्र दिनांक 11-01-2024 द्वारा की गयी अपेक्षा के क्रम में अन्य बिन्दुओं के अतिरिक्त जनपद बुलन्दशहर, शामली, शाहजहांपुर, बस्ती, पीलीभीत एवं बाराबंकी में डिटेंशन यार्ड/डम्पिंग यार्ड (यान निरूद्ध स्थल) के निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था का चयन शासन स्तर से किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा जनपद बुलन्दशहर, शामली, शाहजहांपुर, बस्ती, पीलीभीत एवं बाराबंकी में डिटेंशन यार्ड/डम्पिंग यार्ड (यान निरूद्ध स्थल) के निर्माण हेतु कान्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज (सी0 एण्ड डी0एस0) (उ0प्र0 जल निगम) को कार्यदायी संस्था नामित किया जाता है।

3- कृपया तदनुसार अग्रेतर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,
ह0/-
(के0पी0 सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या- 17 /2024/280/30-3-2024, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रमुख अभियन्ता, विकास एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
2- वित्त नियंत्रक, कार्यालय परिवहन आयुक्त, उ0प्र0।
3- संबंधित संभागीय/सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी। (द्वारा परिवहन आयुक्त, उ0प्र0)
4- प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग।
5- संबंधित कार्यदायी संस्था- कान्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज (सी0 एण्ड डी0एस0) (उ0प्र0 जल निगम)।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
ह0/-
(नितिन कुमार गुप्त)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।